an>

Title: Need to provide adequate compensation to farmers whose land has been acquired for expansion of National Highway No. 77 in Vaishali Parliamentry Constituency, Bihar.

श्री रामा किशोर सिंह (वैशाली)ः मेरे संसदीय क्षेत्र वैशाली (बिहार) के राष्ट्रीय राजमार्ग-77 के विस्तार के लिए, मुजफ्फरपुर-सोनबरसा राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास के लिए भूमि का अधिग्रहण 01.01.2014 को सर्किल रेट से चार गुना दर पर मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। इस योजना से औराई अंचल के अंतर्गत ग्राम बेदौल असली गोपालपुर और पितोझीया जगरनाथ के किसान लाभान्वित हुए, जो अत्यंत सराहनीय कदम है। परन्तु हाजीपुर-मुजफ्फरपुर खंड के लिए अधिग्रहित भूमि ग्राम लसकरीपुर, सदातपुर, मधुबन जगदीश उर्फ बझीला प्रखंड कांटी, जिला मुजफ्फरपुर के किसानों का मुआवजा उस अनुरूप नहीं किया गया। जिसके कारण परियोजना कार्य लंबित है और किसानों का आन्दोलन जारी है। आश्चर्य है कि उपर्युक्त नामित किसानों की जमीन अधिग्रहित भूमि की तुलना में अधिक मूल्यवान है और शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत है।

अतः सरकार से आग्रह है कि एन.एच.-77 मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के अंतर्गत न्यूपास/ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के लिए लसकरीपुर, सदातपुर, मधुबन जगदीश उर्फ बझीला प्रखंड कांटी, जिला मुजफ्फरपुर के किसानों को वर्ष 2014 के अनुसार मुआवजा राशि का भुगतान किया जाये ताकि मेरे क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास त्वरित गति से हो।

...(*Interruptions*)

12.09 hours

SUBMISSION BY MEMBER